


डिजीटल पत्र

# कांग्रेस दर्पण

बिहार

दैनिक




पटना, 28 फरवरी, मंगलवार, 2023


## संपादक की कलम से



हमारे कांग्रेस कार्यकर्तागण हम अपने तमाम जिला अध्यक्षों, प्रखंड अध्यक्षों और तमाम कार्यकर्ता से निवेदन करते है कि कांग्रेस दर्पण में अपने जिले और प्रखंड अस्तर की खबर को भेजें जिसे हम प्रमुखता से स्थान देते हैं, यहां कोई भी छोटा और बड़ा नही समझा जाता। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी को एक ताकतवर अध्यक्ष प्राप्त हुआ है और ऐसे में हम कार्यकर्ताओं की जवाबदेही है कि कांग्रेस से जुड़ी हर बात की जानकारी माननीय अध्यक्ष और तमाम कार्यकर्ताओं तक पहुंचाएं। कांग्रेस दर्पण जिसमें एक सशक्त माध्यम है। आज के इस डिजिटल दुनिया में कांग्रेस दर्पण का निर्माण कार्यकर्ताओं को मजबूती प्रदान करने की एक पहल है अकबर इलाहाबादी ने कहा था-



**'ना बम निकालो ना तलवार निकालो जब तोप मुकाबिल हो तो अखबार निकालो'**


-डॉ0 संजय कुमार,
संपादक, कांग्रेस दर्पण सह काँग्रेस कार्यकर्ता। संपर्क -8252667278





हम सभी के लोकप्रिय नेता देश के भावी प्रधानमंत्री माननीय श्री @RahulGandhi जी, संगठन प्रभारी श्री @kcvenugopalmp जी, श्री @avinashpandeinc जी, @UmangSinghar जी से झारखंड के मंत्री गण,विधायकगणो और वरिष्ठ कांग्रेस जनों के साथ मुलाकात की, जिसमें महत्वपूर्ण विषयों पर सहमति बनी।



**गांधी का कलेजा**
**नेहरू की समझ**
**इंदिरा का साहस**
**राजीव की ऊर्जा**
**इन सबको लेकर सत्य के सिपाही आगे बढ़ो**

# अडानी मामले में कांग्रेस पार्टी देशभर में करेगी पर्दाफाश रैली

**पटना । कांग्रेस दर्पण**



भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के तीन दिवसीय राष्ट्रीय महाधिवेशन के अंतिम दिन कांग्रेस पार्टी ने अडानी मामले में खुल कर आंदोलन चलाने का निर्णय लिया है, इसके तहत देशभर में अगले तीन महीने तक पार्टी आक्रमक तेवर अपनाते हुए पर्दाफाश रैलियां आयोजित करेंगी। हर राज्य की राजधानी में पर्दाफाश महारैली होगी जिसमे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे या राहुल गांधी शामिल होंगे।

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू, पूर्व विधायक मो खान अली, दामोदर गोस्वामी, शिव कुमार चौरसिया, अमरजीत कुमार, उदय शंकर पालित, बाल्मिकी प्रसाद, जगरूप यादव, जितेंद्र यादव, मो समद, असरफ इमाम, खालिद अमीन, मो अहमद रजा खां, सुरेंद्र मांझी, विनोद उपाध्याय आदि ने कहा की संपूर्ण देश में 06 से 10 मार्च के बीच सार्वजनिक बैंकों और एल आई सी कार्यालयों के सामने ब्लॉक स्तरीय आंदोलन किए जाएंगे। 13 मार्च को राज्य मुख्यालयों पर विशाल ₹ चलो राजभवन ₹ मार्च का आयोजन किया जाएगा, तथा अप्रैल माह में सभी राज्यो की राजधानियों में विशाल पर्दाफाश महारैली का आयोजन किया जाएगा। नेताओ ने कहा की देश के मध्यवर्गीय एवम् गरीब लोग अपना पेट काट कर जीवन बीमा निगम में पैसा जमा किए है, जिस पैसे को मोदी सरकार के इशारे पर हजारों करोड़ रुपया अडानी समूह को दिया गया, जिसका बंटाधार कर आमजनता को गाढ़ी कमाई को लुटने का काम किया है। नेताओ ने कहा की जब देश के विपक्ष आमजन की आवाज श्री राहुल गांधी जी ने जब संसद में प्रधानमंत्री जी से पूछा की आपका अडानी से क्या संबंध है, जिसका उत्तर उन्होंने नही दिया, उल्टे चूपी साध ली। नेताओ ने कहा की कांग्रेस पार्टी देशभर के 74 करोड़ एल आई सी पॉलिसी धारकों एवम् स्टेट बैंक के खाताधारियों की पाई, पाई का हिसाब दिलाने का काम कांग्रेस पार्टी सदन से सड़क तक संघर्ष कर दिलाने का काम करेगी। **-विजय कुमार मिठू**

# देश के लिए, जनता के मुद्दों के लिएं छत्तीसगढ़ के रायपुर में कांग्रेस का 85 वां महाअधिवेशन जारी हैः नूर आलम शेख़


**पटना । कांग्रेस दर्पण**




**मधुबनी ।** नूर आलम शेख़ जी ने कहा देश को बचाने के लिए, संविधान को बचाने के लिए इस 85 वां महाअधिवेशन में फैसला लिया जाएगा। हमारे नेता श्री राहुल गांधी जी ने कहा कांग्रेस पार्टी का 85वां महाअधिवेशन हमारी साझी विरासत की एक झलक है। हमारे मूल्य और सबको सम्मान देने की हमारी संस्कृति ही हमारी असली शक्ति है। दलित, आदिवासी, ओबीसी, अल्पसंख्यक समुदाय, महिला और युवाओं को प्रतिनिधित्व देना हमारा लक्ष्य है। देश में बने नफ़रत और कट्टरता के माहौल के ख़िलाफ हम लड़ते रहेंगे। गरीबों, किसानों, मज़दूरों और वंचितों की आवाज़ हम उठाते रहेंगे। जन–जन तक हम कांग्रेस का ये संदेश पहुंचाएंगे। भाईचारा, प्रेम, सद्भाव.. यही लेकर आएगा देश में बदलाव युवा कांग्रेस नेता नूर आलम शेख़ जी ने कहा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने हमेशा देश के लिए लड़ाई लड़ी है.. अब फिर वही समय है– संवैधानिक संस्थानों पर आक्रमण हो रहा है, लोकतंत्र को कुचला जा रहा है।

आइए, हमारे साथ जुड़ कर देश बचाने की लड़ाई लड़िए। राहुल गांधी जी ने भारत जोड़ो यात्रा से देश को जिस तरह जागृत किया है, वह मील का पत्थर साबित होगा । झूठे सब्जबागों से सत्ता पाने का तरीका अब नहीं चलेगा। नूर आलम शेख़ ने कहा लोग समझ गए हैं कि देश को कांग्रेस ही चला सकती है। और इस 85 वां महाधिवेशन का अच्छा परिणाम पार्टी व देश को मिलेगा। **जय कांग्रेस जय बिहार प्रदेश**

-नूर आलम शेख़ युवा कांग्रेस सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर अध्यक्ष जिला सीतामढ़ी बिहार ड्ड्ड



# केंद्र सरकार को मजदूरों का कष्ट दिखाई नहीं दे रहा है

पटना। कांग्रेस दर्पण

दो वक्त की रोटी के जुगाड़ के लिए पसीना बहाने वाला मजदूर आज धरने पर बैठने को मजबूर है, मगर सरकार को उसका कष्ट दिखाई नहीं दे रहा है। ग्रामीण मजदूरों के लिए वरदान मनरेगा योजना को मोदी सरकार ने गरीबों को प्रताड़ित करने का हथियार बना दिया है। गरीबों का खून चूसने वाली इस सरकार पर मनरेगा मजदूरों का हजारों करोड़ रुपये से ज्यादा का बकाया है। 2014 में गरीब विरोधी मोदी सरकार बनने के बाद से ही लाखों मनरेगा मजदूरों की हालत खस्ता हो गई है। उनके परिवार को दो वक्त की रोटी भी मयस्सर नहीं हो पा रही है। उनके बच्चों की पढ़ाई–लिखाई पैसे के अभाव में बंद होने की कगार पर है। मजदूरों को एक साल में 100 दिन की जगह बमुश्किल केवल 48 दिन का ही रोजगार मिल पाता है। मनरेगा कांग्रेस सरकार की उन शानदार योजनाओं में से एक है, जिसे देश की गरीब ग्रामीण जनता को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए चलाया गया था। केंद्र में मोदी सरकार बनने के बाद से कांग्रेस की योजनाओं को बदनाम करने का नाकाम प्रयास किया गया। आपको याद होगा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद देश की संसद में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि मनरेगा कांग्रेस की विफलता का जीता–जागता स्मारक है। मैं इसकी विफलता का गाजे–बाजे के साथ जोर–शोर से ढोल पीटता रहूंगा। इस समय जब अर्थव्यवस्था में मंदी की वजह से शहर की फैक्ट्रियों में काम नहीं है, गांव में मनरेगा मजदूरी करने के बाद समय से पारिश्रमिक नहीं मिल पाता।

देश के गरीब मजदूर आखिर कहां जाएं... किसके भरोसे जिएं..?







कश्मीरी पंडितों के नाम पर वोट लूटने वाली मोदी सरकार उनकी दुर्दशा पर बेपरवाह चुप्पी साधे है। कश्मीरी पंडितों संग ज्यादती पर मोदी सरकार की बेशर्म लापरवाही बताती है कि कश्मीरी पंडित भाजपा के लिए केवल चुनावी मुद्दा हैं। जनता जानना चाहती है कि मोदी जी, आखिर कब तक झूठ बोलकर देश को धोखा देते रहेंगे?



# देश के युवाओं में देश सेवा का भाव जागृत रखना ही महान स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद की सच्ची श्रद्धांजलि होगी। : अमित

पटना।कांग्रेस दर्पण

सच्चा धर्म वही है जो स्वतंत्रता को परम मूल्य की तरह स्थापित करे।।

आजाद का यह कथन आज यथार्थ करने की आवश्यकता है। हमरी युवा शक्ति को जागृत होना होगा अन्याय, जाति गत विभाजन, सर्व धर्म समभाव, के प्रति। आजादी की इतनी बड़ी लड़ाई में हम हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई नही थे, सिर्फ हम भारतीय थे। फिर क्यों आज किसी को हम मौका देते हैं खुद को बाटने का और देश के सौहार्द बिगाड़ने का। महान स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर अगर श्रद्धांजलि देनी है तो देश को एक करके देश को जोड़ने की भावना को रखना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

**जय हिन्द ! जय भारत !**
**अमित कुमार**
**बिहार परदेश कांग्रेस**





महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मां भारती के अमर सपूत महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की शहादत दिवस पुण्यतिथि पर उनके त्याग बलिदान को स्मरण करते हुए नगर कांग्रेस कमिटी बेगूसराय की ओर से बारंबार प्रणाम शत–शत नमन विनम्र श्रद्धांजलि. जय भारत जय चंद्रशेखर आजाद. ब्रजेश कुमार प्रिंस पूर्व पार्षद. अध्यक्ष नगर कांग्रेस कमिटी नगर निगम बेगूसराय.

## सूचना

प्रिय बन्धु........

सूचित किया जाता है कि दिनांक 28 फरवरी 2023 को 12:30 बजे दिन मे तिलक मैदान स्थित कांग्रेस कमिटी कार्यालय मे एक श्रधांजलि सभा का आयोजन किया गया है जिसमे भारत के प्रथम राष्ट्रपति एवं महान स्वतंत्रता सेनानी , स्वाधीनता आंदोलन के प्रमुख , राष्ट्रीय कांग्रेस के पुर्व अध्यक्ष , संविधान सभा के अध्यक्ष डा राजेन्द्र प्रसाद जी कि 60 वीं पुण्यतिथि उनके तैल चित्र पर पुष्प और माल्यार्पण अर्पित कर मनाई जाएगी ' और उनके व्यक्तित्व, व कृतित्व पर बिस्तार से चर्चा की जायगी '

अत ; आप सभी जिला कांग्रेस के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता गण, पदाधिकारी गण, सम्मानित कार्यकर्ता गण, एवं मिडिया, के साथी गण, संवाददाता गण से निवेदन है, कि समय पर उपस्थित होकर कार्यकर्म को सफल बनाये

**निवेदकः जिला कांग्रेस कमिटी मुजफ्फरपुर बिहार**



अमैन पंचायत के शाह पुर गांव में गनेस पासवान के बेटी के शादी में शामिल गोपाल शर्मा वरिष्ठ कांग्रेस नेता जहानाबाद



कुर्था विधानसभा क्षेत्र के चमंडी गांव निवासी, सरजू यादव जी के बेटी के शादी में शिरकत करते हुए कांग्रेस नेता राम विनय यादव एवं वंशी प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद कैफ जी

वो आज़ाद ही जिए और आज़ाद ही शहीद हुए। भारत के वीर बलिदानी सुपुत्र, चंद्रशेखर आज़ाद को उनकी पुण्यतिथि पर नमन।

**-राहुल गांधी**







कांग्रेस के महाधिवेशनो का एक गौरवशाली इतिहास रहा है। हर अधिवेशन ने पार्टी और देश को एक नई दिशा दिखाई है। कांग्रेस का 85वाँ महाअधिवेशन 24 से 26 फरवरी तक रायपुर में समाप्त हुआ है। यह महाअधिवेशन भी उसी सिलसिले की एक और कड़ी थी । रायपुर में इतिहास रचा गया, नई दशा और दिशा तय की गई, जल्द ही बड़े व्यापक स्तर पर कांग्रेस पार्टी जन जन से जुड़ी हुई नजर आएगी ।

-अनम सुलतान खान, प्रदेश प्रतिनिधि – बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी

कुलपति और इंकलाबी छात्रों के बिच वार्ता के बाद बनी सहमति,इंकलाबी छात्र का आगामी आंदोलन स्थगित . 28 फरवरी को मगध विश्वविधालय में इंकलाबी छात्र 11 सूत्री मांगो को लेकर धरना प्रदर्शन का निर्णय लिया था जिसे कुलपति के वार्ता के बाद सहमति बनी और विश्वविधालय के स्थापना समारोह को देखते हुए इंकलाबी छात्र संगठन ने धरना स्थगित कर दिया है। इंकलाबी छात्र के संयोजक दीपक कुमार दांगी ने बताया कि माननीय कुलपति महोदय द्वारा हमारी मांगों में से कुछ मांगों को तत्काल ही पूरा करते हुए शेष मांगों को जल्द ही पूरा कर लेने के आश्वासन दिया है । साथ ही कुलपति के कहा कि मुझे कुछ दिनों का समय आप लोग दे आप की हर जायज मांगों को पूरा कर दिया जाएगा और बहुत जल्द ही विश्वविद्यालय के सत्र को पटरी पर लाने का काम करे गे। इस वार्ता में इंकलाबी छात्र के संरक्षक कमलेश यादव छात्र नेता अशोक यादव छात्र नेता कुणाल किशोर विकास रंजन पंकज टेक्निकल रंजीत रंजन उपस्थित रहें।



आज मधेपुरा एनएसयूआई इकाई ने जिलाध्यक्ष निशांत यादव के नेतृत्व में बीएनएमयू कुलपति से मुलाकात कर मांग पत्र सौपा। जिनमें मुख्य मांगे है :– वोकेशनल कोर्स की छात्राओं को भी मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना का लाभ मिले, पीजी विभागों के पुस्तकालय का विस्तार, नए परिसर में पेयजल, कैंटीन और वाईफाई की बेहतर व्यवस्था, छात्रों के सुरक्षा के दृष्टिकोण से कैंपस में सीसीटीवी एवं कैंपस थाना का निर्माण, भ्रष्टाचार में संलिप्त कर्मियों पर कार्यवाइ समेत विभिन्न मांगो पर लंबी चर्चा हुई..





## आवश्यक सूचना

राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) जहानाबाद जिला कमेटी के साथियों से निवेदन है कि 5 मार्च 2023 को दोपहर 3:00 से रंगों का महापर्व का इंटक जिला कार्यालय प्रेमनगर होरीलगज, के प्रांगण में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है इस अवसर पर आप सभी साथियों से निवेदन है कि तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर आपसी भाईचारा को बनाए रखने का कृपा करें आपका ही साथी इंटक जिला अध्यक्ष राजेश कुमार शर्मासह सीएलयू प्रदेश महासचिव बिहार




## सूचना

प्रिय बन्धु........

सूचित किया जाता है कि दिनांक 28 फरवरी 2023 को 12:30 बजे दिन मे मानिकपुर स्थित कांग्रेस कमिटी कार्यालय मे एक श्रधांजलि सभा का आयोजन प्रखण्ड कांग्रेस के अध्यक्ष अजित कुमार सिन्हा कि अध्यक्षता मे किया गया है, जिसमे भारत के प्रथम राष्ट्रपति एवं महान स्वतंत्रता सेनानी, स्वाधीनता आंदोलन के प्रमुख, राष्ट्रीय कांग्रेस के पुर्व अध्यक्ष, संविधान सभा के अध्यक्ष डा राजेन्द्र प्रसाद जी कि 60 वीं पुण्यतिथि उनके तैल चित्र पर पुष्प और माल्यार्पण अर्पित कर मनाई जाएगी ' और उनके व्यक्तित्व, व कृतित्व पर बिस्तार से चर्चा की जायगी'

अत ; आप सभी प्रखण्ड कांग्रेस के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता गण, पदाधिकारी गण, सम्मानित कार्यकर्ता गण, एवं मिडिया, के साथी गण, संवाददाता गण से निवेदन है, कि समय पर उपस्थित होकर कार्यकर्म को सफल बनाये

**निवेदकः प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी मीनापुर मुजफ्फरपुर बिहार**

## कांग्रेस संविधान में संशोधन

CWC के सदस्यों की संख्या 23 से बढ़ाकर 35 की गई

8 PCC डेलीगेट की जगह अब 6 डेलीगेट पर 1 एआईसीसी डेलीगेट चुना जायेगा (1240 की जगह 1653 एआईसीसी डेलीगेट होंगे)

1 जनवरी 2025 से कांग्रेस के सिर्फ डिजिटल मेंबरशिप होगा

अक्ळउ के Coopted मेंबर की संख्या 15 परसेंट से बढ़ाकर 25 परसेंट हुआ

CWC के 35 में से 18 सदस्यों का चुनाव होगा।

CWC के 50 परसेंट सदस्य 50 साल से कम उम्र के होंगे

CWC के 50 परसेंट SC, ST, OBC और Minority के होंगे

पीएम, पूर्व पीएम, पूर्व अध्यक्ष LS, RS के नेता उहउ के सदस्य होंगे

छात्र नेता सुन्द्रम पाठक ( एम. के. एस कालेज त्रिमुहान चन्दौना दरभंगा)

सहः विधानसभा अध्यक्ष बाजपट्टी



## जीवन की अंतिम सांस तक देश के लिए लड़ता रहूंगा


देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले अमर बलिदानी चंद्रशेखर आजाद जी के बलिदान दिवस पर उन्हें कोटि–कोटि नमन करती हूँ।

-कुमारी शैलजा






किसानों की आय दोगुनी करने का वादा करने वाली सरकार की असलियत जितना शर्मनाक है, उससे अधिक किसानों के लिए घातक। मोदी जी, देश का पेट भरने वाले अन्नदाताओं का ये अपमान, कतई नहीं सहेगा हिंदुस्तान..





मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री श्यामा चरण शुक्ल जी की जयंती पर शत–शत नमन। शुक्ल जी ने भारत छोड़ो आंदोलन से लेकर प्रदेश की राजनीति में प्रारंभ से ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# आज कोंडागाँव में आयोजित होने वाले देवी मेला के अनुष्ठान कार्यक्रम में सम्मिलित होकर विधिवत पूजा अर्चना कर शुभारम्भ किया -मोहन मरकम








आजाद भारत का सपना देखने वाले चंद्रशेखर आजाद ने अंग्रेजों को कड़ी चुनौती दी और शहादत को गले लगा लिया। आज उनकी पुण्यतिथि पर हम एक प्रखर क्रांतिकारी नेता को याद करते हैं जिन्होंने लाखों लोगों को प्रेरित किया और हमारे दिलों में राष्ट्रवाद की प्रेरणा देते रहे।



जी तोड़ मेहनत कर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की विचारधारा को गांव-गांव, डगर-डगर तक ले जाने वाले करोड़ों निडर और बहादुर कार्यकर्ता हमारी शान हैं।

-प्रियंका गांधी वाड्रा

# आज़ाद थे, आज़ाद हैं, आज़ाद रहेंगे चंद्रशेखर आज़ाद: अखिलेश प्रसाद सिंह

**देश के महान क्रांतिकारी , स्वतंत्रता सेनानी , मात्र 24 साल की उम्र में अंग्रेजों के खिलाफ लड़ते हुए देश के लिए शहीद होने वाले माँ भारती के लाडले को उनके पुण्यतिथि पर हम उन्हें स्मरण और नमन करते हैं।**

